विधानसभा / महत्वपूर्ण

# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-directorateoffood@gmail.com, website- www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 104 /वि.स.–778 / 2025 — अटल नगर, दिनांक 14 /02/ 2025

प्रति,

**कलेक्टर,**
जिला–बिलासपुर
छत्तीसगढ़

**विषयः–** **विधानसभा प्रश्न क्रमांक 778 अतारांकित द्वारा श्री धरमलाल कौशिक, सदस्य विधानसभा।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 778 अतारांकित की प्रति संलग्न है। उपरोक्त विधानसभा प्रश्न के उत्तर यूनिकोड फॉन्ट में पूरक जानकारी सहित दिनांक 17.02.2025 तक संलग्न प्रारूप में ई–मेल के माध्यम से भिजवाने का कष्ट करें। उत्तर के परिशिष्ट एक पेज से अधिक होने की स्थिति में सीडी अथवा ई–मेल **(dirfood.cg@nic.in/directorateoffood@gmail.com)** के माध्यम से परिशिष्ट की जानकारी यूनिकोड फॉन्ट में हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सहित उपलब्ध कराने कराने का कष्ट करें। (विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है)

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**संयुक्त संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर
संचालनालय, रायपुर

पृ.क्रमांक–105 / वि.स.–778 / 2025 — अटल नगर, दिनांक 14 /02/ 2025

**प्रतिलिपि :–**

1. अवर सचिव, छ.ग. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर. विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर।
2. खाद्य नियत्रंक, जिला–बिलासपुर छत्तीसगढ़। निर्धारित समय–सीमा में प्रश्नों के उत्तर प्राप्त नहीं होने पर संबंधित खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर
संचालनालय, रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **25/02/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **04/03/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **बिल्हा वि.स.क्षेत्र में राशन कार्ड बनाए जाने हेतु प्राप्त आवेदन**

**( अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **778 )** **श्रीधरमलाल कौशिक**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन प्रदाय करने की योजनांतर्गत बिल्हा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कितने प्रकार के व कुल कितने राशन कार्ड बनाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये थे ? कितने बनाये गए, कितने अपात्र पाये गए और क़ितने के कार्ड बनाये जाने शेष हैं? बनाये गए राशन कार्डों मे से कितने कार्ड जीवित/क्रियाशील हैं और कितने निरस्त/अक्रियाशील हैं? कार्डवार, विकास खण्डवार जानकारी देवें? (ख) सार्वजनिक वितरण प्रणाली की उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशनकार्डधारियों को क्या-क्या सामग्री.किस-किस प्रकार के राशन कार्ड पर निःशुल्क व नियत दरों पर उपलब्ध कराई जाती है? कार्डवार, सामग्रीवार जानकारी देवें? (ग) जनवरी, 2024 की स्थिति में बिल्हा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत कुल कितनी उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं? कितनी नवीन दुकानें खोले जाने के प्रस्ताव/आवेदन लंबित हैं व क्यों ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 14/02/2025 11:05:15 |

**Remark :**

कले बिलासपुर